भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 995
उत्तर देने की तारीख 02.12.2024

सांस्कृतिक मानचित्रण और रोडमैप पर राष्ट्रीय मिशन (एनएमसीएमआर)

995. श्री प्रदीप कुमार सिंह :
श्री चिन्तामणि महाराज :
श्री विजय बघेल :
श्री बिभु प्रसाद तराई:

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सांस्कृतिक मानचित्रण और रोडमैप पर राष्ट्रीय मिशन (एनएमसीएमआर) द्वारा देश की कला और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जा रहे हैं;

(ख) एनएमसीएमआर द्वारा पहचानी गई विभिन्न कलाओं के कलाकारों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) विभिन्न कलाओं के कलाकारों की पहचान करने के लिए अपनाए गए सांस्कृतिक मानचित्रण का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) : संस्कृति मंत्रालय ने, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को परिरक्षित और संवर्धित करने हेतु राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन (एनएमसीएम) की स्थापना की है। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) द्वारा कार्यान्वित, इस मिशन का उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक धरोहर को और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनः सुदृढ़ करने हेतु इसके सामर्थ्य को प्रलेखित करना है।

आजादी का अमृत महोत्सव के भाग के रूप में, एनएमसीएम द्वारा जून, 2023 में मेरा गांव मेरी धरोहर (एमजीएमडी) पोर्टल (https://mgmd.gov.in/) की शुरुआत की गई। इस पहल का उद्देश्य भारत के 6.5 लाख गांवों की सांस्कृतिक धरोहर को प्रलेखित करना है।

वर्तमान में, 4.5 लाख गांव, अपने संबंधित सांस्कृतिक पोर्टफोलियो सहित इस पोर्टल पर लाइव हैं।

एमजीएमडी पोर्टल में व्यापक प्रकार के सांस्कृतिक घटक सम्मिलित हैं जिनमें मौखिक परंपराएं, आस्थाएं, रीति-रिवाज, ऐतिहासिक महत्व, कला रूप, पारंपरिक खान-पान, प्रख्यात कलाकार, मेले और महोत्सव, पारंपरिक परिधान, आभूषण और स्थानीय लैंडमार्क शामिल हैं।

एनएमसीएम, भारत की सांस्कृतिक धरोहर के परिरक्षण और ग्रामीण समुदायों के सशक्तीकरण की ओर महत्वपूर्ण कदम है। सांस्कृतिक परिसंपत्तियों के प्रलेखन और संवर्धन के द्वारा, यह मिशन सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की ओर लक्षित है।

(ख): वर्तमान में एनएमसीएम अपने एमजीएमडी घटक सहित कार्य कर रहा है और मेरा गांव मेरी धरोहर वेब पोर्टल (https://mgmd.gov.in/), जो एक ओपन एक्सेस पोर्टल है, पर राज्य-वार ब्यौरा उपलब्ध है।

(ग): एमजीएमडी पोर्टल पर राज्य-वार ब्यौरा उपलब्ध है; विभिन्न सांस्कृतिक डोमेनों, कलाकारों और पारंपरिक कला रूपों की पहचान करने तथा डेटा संकलन हेतु हमने पोर्टल पर एक निर्धारित प्रारूप दिया है।

****